# अनंत नेशनल यूनिवर्सिटी ने भारत में वास्तुकला शिक्षा में स्थिरता के एकीकरण पर दिल्ली में राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया




**भास्कर समाचार सेवा**

नई दिल्ली। अनंत नेशनल यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर (SoA) और सेंटर फॉर पब्लिक पॉलिसी रिसर्च एंड डिजाइन (CPRD) ने 'व्यावसायिक अभ्यास में परिवर्तन के लिए वास्तुकला शिक्षा में स्थिरता का एकीकरण' विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन मैग्नोलिया हॉल, इंडिया हैबिटैट सेंटर, नई दिल्ली में किया। इस कार्यक्रम में शिक्षकों, नीति-निमार्ताओं, उद्योग विशेषज्ञों और छात्रों को एक साथ लाया गया, ताकि यह समझा जा सके कि भारत में वास्तुकला शिक्षा और व्यवहार में स्थिरता को सार्थक रूप से कैसे शामिल किया जा सकता है।

इस प्रकार की पहलों के माध्यम से, अनंत नेशनल यूनिवर्सिटी डिजाइन, नीति और स्थिरता के संगम पर संवाद को आगे बढ़ाने का कार्य निरंतर कर रही है। यह ऐसे मंच तैयार कर रही है, जहां शैक्षणिक शोध, पेशेवर अभ्यास और सार्वजनिक नीति एक साथ आकर निर्मित पर्यावरण से जुड़ी महत्वपूर्ण चुनौतियों का समाधान खोजते हैं।